Title: Requested to extend the range of television upto fifty kilometers in Bilaspur, M.P. and to provide telecommunication facilities for Mungeli, Bilaspur.

श्री पुन्नू लाल मोहले (बिलासपुर) : अध्यक्ष महोदय, मध्य प्रदेश राज्य के बिलासपुर जिले में दूरदर्शन की रेंज 25 किलोमीटर तक है। इससे लोगों को कठिनाई हो रही है। वहां 50 किलोमीटर तक दूर बैठे लोग दूरदर्शन देखते हैं। उन्हें दूरदर्शन की सुविधा सही ढंग से न दिखाई पड़ती है और न ही सुनाई पड़ती है। इसलिए इस रेंज को बढ़ा कर 50 किलोमीटर तक किया जाए। इसके साथ ही बिलासपुर जिले की मूंगेली तहसील में दो वर्ष से टेलीग्राम की सुविधा बंद पड़ी है। इस सुविधा को बढ़ाने के लिए या तो फैक्स, या एस.टी.डी. सेवा, या टेलीग्राम सुविधा से जोड़ा जाए।